**Ref. No. - SIL/CO/SE/2022-23/14** **29th May, 2022**

**To**
**Listing Department,**
**Metropolitan Stock Exchange of India Limited,**
Vibgyor Towers, 4th floor, Plot No. C 62,
G - Block, Opp. Trident Hotel,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai – 400 098

**SYMBOL: SKYWEB**

**Subject: Submission of Newspaper Clippings regarding publication of Extract of Audited Standalone & Consolidated Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2022**

Dear Sir(s),

With reference to captioned subject, this is to inform you that pursuant to Regulation 47 and other applicable regulations of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the extract of Audited Standalone & Consolidated Financial Results of the Company for the quarter and year ended 31st March, 2022, has been published in the following newspapers on May 29, 2022.

1. Financial Express (English); and
2. Hari Bhoomi (Hindi)

Kindly take the same on your records.

**Thanking You,**
**Yours truly**
**For Skyweb Infotech Limited**

SKYWEB INFOTECH LTD. DELHI

**Yamini**
**Company Secretary**

## खबर संक्षेप

### हत्या और डकैती की वारदात में शामिल एक आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने निहाल विहार में हुई हत्या और डकैती की वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम तरुण उर्फ सुमित है। वह सन्नी साई गैंग से संबंध रखता है। पुलिस के मुताबिक 7 जून 2020 तिलक नगर निवासी भरप्रीत उर्फ सैंकी की हत्या कर दी गई थी। सन्नी साई गैंग के सदस्य डकैती के इरादे से एक परिसर में घुसे और भरप्रीत पर पिस्टल तान दी। भरप्रीत ने इस पिस्टल को छीनने का प्रयास किया तो उसे एक आरोपी ने सीने में गोली मार दी। इस वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपियों की संख्या आठ थी। पुलिस ने इस घटना की बाबत निहाल विहार थाने थाने में केस दर्ज कर छह आरोपी गिरफ्तार कर लिए थे। जबकि इस वारदात के बाद से तरुण पुलिस से बचता फिर रहा था। वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से इसकी लोकेशन का पता लगाया गया और फिर उसे अरेस्ट कर लिया गया। आरोपी तरुण ने पूछताछ में खुलासा किया वह सन्नी साई का सहयोगी है। वह मूलरुप से जींद हरियाणा से है। काम की तलाश में वह दिल्ली आया और यहां रघुबीर नगर में एक दोस्त नरेश के साथ रहने लगा। उसने अलग अलग जगह पर काम भी किया। इस बीच नरेश ने उसे सन्नी साई से मिलवाया, जिसके बाद वह काम छोड़ अपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया।

### बुराड़ी चौक के समीप एक व्यक्ति मृत मिला

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में बुराड़ी चौक के समीप एक व्यक्ति का शव मिला। उसकी चाकू से गोदकर हत्या की गयी । पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) सागर सिंह कलसी ने बताया कि इस व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के संभल के निवासी राकेश कुमार के रूप में की गयी है जो अपने बेटे की शादी के लिए रिश्तेदारों को न्यौता देने कुछ दिन पहले दिल्ली आया था। पुलिस ने कहा कि शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे बुराड़ी चौक पर मुख्य मार्ग के समीप उसका शव मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस अधिकारी बनकर बुजुर्गों से ठगते थे ज्वेलरी, चार बदमाश अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- आरोपियों के पास से सोने की ज्वेलरी, कार, बाइक इंडियन आर्मी, यूपी व बिहार पुलिस का बैच लगी तीन कैप बरामद



क्राइम ब्रांच ने पुलिस अधिकारी बनकर बुजुर्गों से जूलरी ठगने वाले गैंग के चार बदमाशों को अरेस्ट किया है। इनके नाम महाराष्ट्र निवासी निसार मिश्किन सैयद (38), देवबंद यूपी निवासी इकबाल (27), सलमान अली (27) व शाबीर अली (20) बताये गये हैं। इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने ठगी के नौ केस सुलझाने का दावा किया है। आरोपियों के पास से सोने की ज्वेलरी, कार, बाइक इंडियन आर्मी, यूपी व बिहार पुलिस का बैच लगी तीन कैप बरामद की हैं। डीसीपी राजेश देव के अनुसार इंस्पेक्टर दलीप कुमार की टीम ने इन ठगों को पकड़ा है। एक आरोपी मुंबई में दर्ज मकोका केस में भी वांटेड था। इसके अलावा उस पर चीटिंग और लूट के चार अन्य केस भी दर्ज मिले हैं। पुलिस की टीम को इस गैंग के बारे में इनूपट मिला था, जिसके बाद 26 मई को इंद्रप्रस्थ पार्क, सराय काले खां इलाके से इन चारों को पकड़ा गया। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि इनमें दो लोग पुलिसकर्मी बनकर बुजुर्गों को टारगेट करते थे। वे पुलिस चैकिंग के बहाने उनकी ज्वेलरी लेकर एक कागज में रख देते थे। बाद में जो पैकेट उन्हें पकड़ाया जाता वह नकली ज्वेलरी वाला होता था। इसके अलावा यह गैंग ज्वेलरी शॉप को भी टारगेट करता था। बदमाश क्राइम ब्रांच और सीबीआई अफसर बनकर वहां पहुंचते और चैकिंग के बहाने लूटपाट कर फरार हो जाते थे।

### एक घंटे खून से लथपथ हालत में सड़क पर पड़ा रहा युवक

# युवक की गोली मारकर हत्या

खजूरी खास इलाके में शुक्रवार रात सुहैल (19) नामक एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मरने से पहले युवक खून से लथपथ हालत में करीब एक घंटा सड़क पर पड़ा तड़पता रहा लेकिन किसी ने भी उसे अस्पताल ले जाना तो दूर पुलिस को सूचना देना भी गवारा नहीं समझा। आखिर में बीट स्टाफ को जानकारी हुई तो उसने थाने में सूचना दी। युवक को जग प्रवेश चंद अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। केस में पुलिस ने एक युवक को शक के आधार पर हिरासत में लिया है। पुलिस प्रेम प्रसंग, आपसी रंजिश समेत तमाम दृष्टिकोणों से मामले की जांच कर रही है।

- खजूरी खास इलाके में हुई वारदात
- विभिन्न कोण से पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मूलरूप से सियाना, बुलंदशहर का रहने वाला सुहैल अपनी मौसी के घर बी-ब्लॉक, श्रीराम कालोनी, खजूरी खास में रहता था। सुहैल यहां रहकर गारमेंट की एक फैक्टरी में सिलाई का काम करता था। इसके परिवार में पिता यूनुस खान व बाकी सदस्य हैं। शुक्रवार रात को वह खाना खाकर टहलने की बात कर घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। करीब 9.30 बजे गली नंबर-21, श्रीराम कालोनी में बदमाशों ने उसके सीने में गोली मार दी और फरार हो गए। वारदात के बाद वह खून से लथपथ सड़क पर पड़ा रहा। राहगीर वहां उसे देखकर गुजरते रहे। लेकिन किसी ने न तो पुलिस को खबर दी और न ही उसे अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान किसी ने बीट कांस्टेबल राजकुमार को खबर दी। वह मौके पर पहुंचा। उसने करीब 10.40 बजे थाने के स्टाफ को खबर दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सुहैल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हत्या की वजह फिलहाल साफ नहीं हो पाई है। पुलिस उसके दोस्तों व घटना स्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## झगड़े में बीच बचाव किया तो दो भाईयों को मार दी गोली, एक की मौत

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के अम्बेड़कर नगर इलाके में शुक्रवार रात दो भाईयों को झगड़े में बीच बचाव करने पर गोली मार दी गई। घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां से दो गोली के खौल मिले। घायलों के नाम मदनगीर निवासी रोहित (27) व गुलशन (30) है। इनमें गुलशन की मौत हो गई है। हालांकि केस में पुलिस की तरफ से आधिकारिक पुष्टि खबर लिखे जाने तक नहीं की गई थी। पुलिस ने वारदात के मद्देनजर हत्या और हत्या की कोशिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार एक आरोपी का नाम सुमित बताया गया है। पुलिस को इस वारदात की सूचना

- अम्बेड़कर नगर इलाके की वारदात, एक आरोपी गिरफ्तार

शुक्रवार रात 11 बजकर 38 मिनट पर मिली थी। मौके पर की गई इंक्वायरी से पुलिस को पता चला शराब के पीछे नईम और गोपाल के बीच झगड़ा हुआ था। इसे देख रोहित ने मामले में हस्तक्षेप कर बीच बचाव करने की कोशिश की। तभी उसका भाई गुलशन भी शोर सुनकर मौके पर पहुंच गया। यहां हुई हाथापाई के दौरान सुमित उर्फ केशव ने फायरिंग कर दी, जिस कारण दोनों भाई गोली लगने से जख्मी हो गए। पुलिस ने इस केस में आरोपी सुमित (24) को गिरफ्तार कर लिया है। वह भी मदनगीर क्षेत्र का रहने



मृतक गुलशन

वाला है, जिस पर अम्बेड़कर नगर थाने में आर्म्स एक्ट के दो केस दर्ज मिले हैं। पुलिस अब इस वारदात में शामिल आरोपी के सहयोगियों गोपाल और साहिल की तलाश कर रही है। घायल गुलशन एयरलाइंस कंपनी में नौकरी करता है। उसे वारदात में दो जबकि रोहित को एक गोली मारी गई। रोहित का एम्स ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा हैं।

# पिता के बैंक खाते में बेटी ने की हेराफेरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- गिरवी रखे अपने सोने को छुड़ाने के लिए निकाले दो लाख रुपये
- पैसे निकालने के बाद अपने पिता के मोबाइल से हटा देती थी ओटीपी
- महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय राजधानी में 34 वर्षीय एक महिला को एक वित्तीय कंपनी में गिरवी रखे गये सोने को छुड़ाने के वास्ते अपने सेवानिवृत पिता के पेंशन खाते से हेराफेरी कर दो लाख रूपये निकाल लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पिछले साल नवंबर एवं इस साल मार्च के बीच मोबाइल बैंकिंग के मार्फत अपने पिता के खाते से पैसे निकाल लेने के बाद महिला उनके मोबाइल से एकबारगी पासवर्ड (ओटीपी) एवं संदेश हटा देती थी ताकि उन्हें कोई संदेह न हो। एक बिजली कंपनी के 69 वर्षीय सेवानिवृत कर्मी की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले साल नवंबर और इस साल मार्च के बीच उनके खाते से बिना उनकी जानकारी के 2.03 लाख रूपये निकाल निकाल लिये गये। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि उन्हें इन लेन-देन को लेकर बैंक से कोई ओटीपी भी नहीं मिला और न ही कोई निकासी संदेश आया। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान खुलासा हुआ कि पैसे पहले 'ई-वैलेट' में और फिर दो बैंक खातों में अंतरित किये गये। अधिकारी के मुताबिक उनमें पहला बैंक खाता शिकायतकर्ता के दामाद एवं दूसरा खाता उनकी बेटी के नाम पर था। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) सागर सिंह कलसी ने बताया कि बेटी ने कबूल किया कि उसने पहले अपने पिता के एटीएम कार्ड को अपने 'ई-वैलेट' से जोड़ा और फिर उनके मोबाइल फोन पर आये ओटीपी का इस्तेमाल कर उनके खाते से पैसे अंतरित किये। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# त्वचा संबंधी रोगों का पता लगाने के लिए एम्स ने शुरू किया ऐप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- 15 से 30 सेकंट के भीतर ऐप विश्लेषण के आधार पर बताएगा रोग की संभावित स्थिति

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली ने न्यूरिथम प्रयोगशाला नामक स्टार्ट-अप के साथ मिलकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित एक ऐप की शुरूआत की है जो मुंह के कैंसर व त्वचा संबंधी रोगों का पता लगाने और सटीकता से समस्याओं के समाधान में सहायक है। एम्स के त्वचाविज्ञान विभाग में प्रोफेसर डॉ सोमेश गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि त्वचा रोग निदान समाधान 'डर्म एड' ऐप में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कलन विधि (एल्गोरिथम) का उपयोग किया जाता है। सामान्य चिकित्सकों के लिए, यह त्वचा की स्थिति को समझने की उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए एक नैदानिक उपकरण है। डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि यह विशेष रूप से प्रासंगिक है क्योंकि अध्ययनों से पता चला है कि त्वचा विशेषज्ञों की तुलना में सामान्य चिकित्सकों के बीच नैदानिक सटीकता 40 से 50 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि ऐप के पीछे की तकनीक सरल है। एक डॉक्टर किसी मरीज के शरीर पर घावों की तस्वीर लेता है और उन्हें क्लाउड सर्वर पर अपलोड करता है। 15-30 सेकंड के भीतर, ऐप विश्लेषण के आधार पर संभावित रोग की स्थिति बताता है। भारत में त्वचा संबंधी कवक संक्रमणों में वृद्धि देखी जा रही है जो एक्जिमा जैसे त्वचा रोगों से भ्रमित हैं और इसका स्टेरॉयड के साथ इलाज किया जाता है।

# मेकअप आर्टिस्ट के ड्राइवर ने रची थी 40 लाख लूट की साजिश

## दोस्त के साथ हुआ अरेस्ट, लूटी गई रकम में से 37.40 लाख रुपये पुलिस ने किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चितरंजन पार्क इलाके में मेकअप आर्टिस्ट के ड्राइवर ने अपनी ही मालकिन को धोखा देते हुए लूट का झूठा ड्रामा किया था। दरअसल उसके सहयोगी ने ही मिलीभगत के चलते 40 लाख रुपये लूटे थे। पुलिस ने इस केस में मेकअप आर्टिस्ट के ड्राइवर और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम मधुबनी, बिहार निवासी चालक प्रमोद कुमार मंडल (30) और फूल कुमार यादव (32) है। इनसे 37.40 लाख रुपये, एक पिस्टल, दो कारतूस बरामद हुये हैं।

अरोपी ड्राइवर को पता चला था कि घर में पांच करोड रुपये है। मोटा माल हाथ लगने के लालच में उसने लूट की साजिश रची थी। डीसीपी साउथ डिस्ट्रिक्ट बेनिता मेरी जैकर ने बताया कि



शुक्रवार शाम करीब 5 बजे ग्रेटर कैलाश निवासी मेकअप आर्टिस्ट मायरा (22) ने लूट की शिकायत दी थी। उन्होंने बताया था कि वह बड़ी बहन के साथ मेकअप क्लास लेती हैं। शुक्रवार को एक पांच सितारा होटल से करीब 40 लाख रुपये लेकर दोनों कार से ग्रेटर कैलाश में घर पहुंची। दोनों कार से उतर घर में दाखिल हो रही थी, तभी नकाबपोश एक बदमाश ने ड्राइवर प्रमोद कुमार की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक उससे रुपयों का ट्रॉली बैग और मोबाइल लूट लिया था और वह फरार हो गया था। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। प्रमोद से भी पूछताछ की गई जिसमें उसकी भूमिका संदिग्ध लगी। गहन पूछताछ में प्रमोद ने जुर्म में भागीदारी कबूल ली।

उसने बताया कि दोस्त फूल कुमार यादव के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी। शुक्रवार को प्रमोद कैश लेकर चला था तो उसने फूल कुमार को सूचना दे कर अलर्ट कर दिया था। फूल कुमार वारदात को अंजाम देकर कैश लेकर फरार हो गया था। फूल कुमार को गुरुग्राम सेक्टर-26, राजीव चौक से पकड़ा गया। उसके पास से 37.40 लाख रुपये बरामद हुए। वह बस पकड़कर बिहार भागने की फिराक में था।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा

# पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों के ऑडियो और वीडियो दोनों फुटेज होनी चाहिए

एजेंसी ⏭ दिल्ली



- शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया है कि पुलिस थानों, लॉक-अप, गलियारों, स्वागत क्षेत्रों, निरीक्षकों के कमरे, स्टेशन हॉल आदि में लगाए जाएं सीसीटीवी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि पुलिस थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में ऑडियो और वीडियो दोनों फुटेज होनी चाहिए। न्यायालय ने एक स्थानीय पुलिस थाने को यह बताने के लिए कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार वहां ऑडियो प्रणाली क्यों नहीं लगाई गई। न्यायमूर्ति अनु मल्होत्रा ने एक मस्जिद के इमाम के रूप में अपने आधिकारिक और धार्मिक कर्तव्यों को निभाने में याचिकाकर्ता के सामने आ रही कथित बाधा से संबंधित एक याचिका पर विचार करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि पुलिस थानों, लॉक-अप, गलियारों, स्वागत क्षेत्रों, निरीक्षकों के कमरे, स्टेशन हॉल आदि में सीसीटीवी लगाए जाएं। न्यायालय ने कहा कि वर्तमान मामले में, जबकि नबी करीम पुलिस थाने की वीडियो फुटेज को संरक्षित किया गया था लेकिन ऑडियो फुटेज उपलब्ध नहीं थी। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि एक व्यक्ति जो 'अवैध रूप से' मस्जिद का प्रबंधन कर रहा है, ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और थाने में एसएचओ की उपस्थिति में उसके साथ अमानवीय और अपमानजनक व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि पूरी घटना एसएचओ के कमरे के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, लेकिन कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने ऑडियो और वीडियो दोनों फुटेज को संरक्षित किये जाने का अनुरोध किया। अदालत ने 27 मई के अपने आदेश में कहा कि उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि पुलिस थानों, लॉक-अप, गलियारों, स्वागत क्षेत्रों, निरीक्षकों के कमरे, स्टेशन हॉल आदि में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। सीसीटीवी कैमरों में ऑडियो और वीडियो दोनों की फुटेज होनी चाहिए।

**स्काईवेब इन्फोटेक लिमिटेड**
**CIN: L72200DL1985PLC019763**
**पंजीकृत कार्यालय: के -20, दूसरी मंजिल, लाजपत नगर - II, नई दिल्ली - 110024**
**कॉर्पोरेट कार्यालय: डी-348, सेक्टर-63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201307**
**वेबसाइट: www.skywebindia.in, ईमेल: info@skywebindia.in**

**31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

ईपीएस को छोड़कर आंकड़े लाख में

| क्र. स. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | कंसोलिडेटेड | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त 31.03.2022 | तिमाही समाप्त 31.12.2021 | तिमाही समाप्त 31.03.2021 | 31.03.2022 को समाप्त वर्ष | 31.03.2021 को समाप्त वर्ष | तिमाही समाप्त 31.03.2022 | तिमाही समाप्त 31.12.2021 | तिमाही समाप्त 31.03.2021 | 31.03.2022 को समाप्त वर्ष | 31.03.2021 को समाप्त वर्ष |
| | | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | संचालन से कुल आय (शुद्ध) | 0.02 | 0.04 | 463.71 | 0.07 | 463.71 | 0.02 | 0.04 | 463.71 | 0.07 | 463.71 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, असाधारण और/या असामान्य मदों से पूर्व) | (3.56) | (3.06) | 2.37 | (7.15) | (3.03) | (3.56) | (3.06) | 2.37 | (7.15) | (3.03) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद) | (213.83) | (3.06) | 2.37 | (217.42) | (3.03) | (213.83) | (3.06) | 2.37 | (217.42) | (3.03) |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद) | (213.83) | (3.06) | 2.37 | (217.42) | (3.03) | (213.83) | (3.06) | 2.37 | (217.42) | (3.03) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/हानि (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल है] | (213.83) | (3.06) | 2.37 | (217.42) | (3.03) | (213.83) | (2.03) | 4.25 | (215.34) | 4.90 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) | 100.00 | 100 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष के अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाया गया है | - | - | - | (26.92) | 190.49 | - | - | - | 43.4 | 258.73 |
| 8 | प्रति शेयर आय (निरंतर और अनिरंतर संचालन के लिए) | | | | | | | | | | |
| (अ) | बेसिक | (21.38) | (0.31) | 0.24 | (21.74) | (0.30) | (21.37) | (0.20) | 0.43 | (21.53) | 0.49 |
| (ब) | डाल्युटेड | (21.38) | (0.31) | 0.24 | (21.74) | (0.30) | (21.37) | (0.20) | 0.43 | (21.53) | 0.49 |

**नोट्स:-**

1. उपरोक्त 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है, जिसे सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर किया गया है।उक्त वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप कंपनी की वेबसाइट **(www.skywebindia.in)** और मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **(www.msei.in)** की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
2. 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए कंपनी के अंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की ऑडिट समिति द्वारा विधिवत समीक्षा की गई और निदेशक मंडल द्वारा 28 मई, 2022 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया गया।

**कृते एवं बोर्ड की ओर से**
**स्काईवेब इन्फोटेक लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**नीतेश गुप्ता**
**निर्देशक**

**दिनांक: 28.05.2022**
**स्थान : दिल्ली**